पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल की बधाई

आकाशवाणी और दूरदर्शन से राज्यपाल के सन्देश का प्रसारण 26 जनवरी को

लखनऊः 25 जनवरी, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने बधाई सन्देश में समस्त शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान से प्राप्त आजादी तथा देश की एकता और अखण्डता को बनाये रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस का अवसर हमें स्वयं को सौहार्द, शांति तथा भाईचारा कायम करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने पूर्वजों से प्राप्त अनुभवों तथा चिन्तन की समृद्ध विरासत से प्रेरणा प्राप्त कर देश एवं प्रदेश के विकास में सहयोग करना चाहिए।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यपाल का जनता के नाम सन्देश का प्रसारण दूरदर्शन केन्द्र, लखनऊ से 26 जनवरी, 2020 को प्रातः 8.30 बजे और आकाशवाणी केन्द्र, लखनऊ से रात्रि 8.00 बजे प्रसारित किया जायेगा।

ओ0पी0राय/राजभवन (121/16)